प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'इकतीस'

[28/2/2018]

प्रश्न सं. [क्र. 1014]

परिशिष्ट – अ

विधानसभा तारांकित प्रश्न कमांक – 1014 द्वारा ओमकार सिंह मरकाम माननीय विधायक

1. **जिला मण्डला** – कान्हा टायगर रिजर्व के कोर जोन में संरक्षित वन नही है । बफरजोन वन मण्डल मण्डला में संरक्षित वन के अन्तर्गत नारंगी वन भूमि के सर्वे में पाई गई अतिकमण की जानकारी प्रभारी अधिकारी, नारंगी क्षेत्र, सर्वे एवं सीमांकन ईकाई, मण्डला द्वारा उपलब्ध नही कराई गई है । अतः अभिलेख बफर जोन वनमण्डल नही है, जिसे ग्रामसभा एवं ग्राम पंचायत को उपलब्ध नही करवाई गई है ।
2. **जिला डिण्डौरी** – वन भूमि पर हुई अतिकमण की जानकारी दिए जाने हेतु सभी अधीनस्थों को निर्देश दिया गया है कि ग्रामसभा एवं ग्राम पंचायतों द्वारा मांग करने पर उन्हें शीघ्र जानकारी उपलब्ध करायी जावें ।
3. **जिला बालाघाट** – नारंगी वन भूमि के सर्वे में पाई गई अतिकमण की जानकारी प्रभारी अधिकारी, नारंगी क्षेत्र, सर्वे एवं सीमांकन ईकाई, मण्डला द्वारा उपलब्ध नही कराई गई है । अतः अभिलेख बफर जोन वनमण्डल में उपलब्ध नही है । जिससे ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायत को उपलब्ध नही करवाई गई है । लामटा परियोजना मण्डल बालाघाट में संरक्षित वन सर्वे एवं नारंगी वन सर्वे में वनभूमि में अतिकमण नही पाया गया है ।
4. **जिला सिवनी** – संरक्षित वन सर्वे एवं नारंगी वन सर्वे में अतिकमण पाई गई वन भूमि की जानकारी एवं बडे झाड, छोटे झाड के जंगल मद की जमीनों पर अतिकमण प्रकरणों की जानकारी संकलित कर ग्रामसभा एवं पंचायत को उपलब्ध करा दी गयी है ।
5. **जिला बैतूल** – संरक्षित वन सर्वे एवं नारंगी वन सर्वे में अतिकमण पाई गई वन भूमि की जानकारी एवं बडे झाड, छोटे झाड के जंगल मद की जमीनों पर अतिकमण प्रकरणों की जानकारी संकलित कर ग्रामसभा एवं ग्राम पंचायतों को उपलब्ध नही कराई गई है, अपितु वन मंडल के अन्तर्गत वर्ष 1995 में हुए सर्वे के अभिलेखों एवं मानचित्रों की प्रति दिनांक 31. 12.1976 से 12.12.2005 तक के अतिकामकों की सूची, वन ग्रामों के वर्ष 1980–81 में तैयार कराये गये मानचित्रों की छायाप्रति, वन ग्राम की खसरा पंजी, किश्त पंजी, निस्तार पत्रक एवं अतिकमण पंजी के समस्त अभिलेख ग्रामसभा एवं ग्राम पंचायत को उपलब्ध करवाये गये है ।
6. **जिला उमरिया** – संरक्षित वन सर्वे एवं नारंगी वनभूमियों का सर्वेक्षण नही किया गया है । अतः जंगल मद जमीनों पर अतिकमण प्रकरण की जानकारी ग्रामसभा एवं ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराने की स्थिति नही बनती है ।

अपर संचालक
आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनायें
भोपाल

परिशिष्ट – ब

विधानसभा तारांकित प्रश्न कमांक – 1014 द्वारा ओमकार सिंह मरकाम माननीय विधायक

1. **जिला मण्डला** – (अ) कान्हा टायगर रिजर्व के कोर जोन में संरक्षित वन नही है । बफरजोन वन मण्डल मण्डला में संरक्षित वन के अन्तर्गत नारंगी वन भूमि के सर्वे में पाई गई अतिक्रमण की जानकारी प्रभारी अधिकारी, नारंगी क्षेत्र, सर्वे एवं सीमांकन ईकाई, मण्डला द्वारा उपलब्ध नही कराई गई है । अतः अभिलेख बफर जोन वनमण्डल नही है, जिसे ग्रामसभा एवं ग्राम पंचायत को उपलब्ध नही करवाई गई है ।
   (ब) बफर जोन मण्डल कान्हा टायगर रिजर्व मण्डला में नारंगी वनभूमि के सर्वे में पाई गई अतिक्रमण की जानकारी प्रभारी अधिकारी नारंगी क्षेत्र, सर्वे एवं सीमांकन ईकाई, मण्डला द्वारा उपलब्ध नही कराई गई है । अतः अभिलेख बफर जोन वनमण्डल में उपलब्ध नही है । जिससे ग्रामसभा एवं ग्राम पंचायत को उपलब्ध नही करवाई गई है ।
2. **जिला डिण्डौरी** – ग्राम सभा एवं पंचायत द्वारा अतिक्रमण की जानकारी हेतु कोई आवेदन वन मण्डल मे अभी तक प्राप्त नही हुआ है ।
3. **जिला बालाघाट** – लामटा परियोजना मण्डल जिला बालाघाट में संरक्षित वन सर्वे एवं नारंगी वन सर्वे में वनभूमि में अतिक्रमण नही पाया गया है । अतः प्रश्न उपस्थित नही होता है । दक्षिण वन मण्डल (सामान्य) जिला बालाघाट में नारंगी वनभूमि नही है अतः जानकारी निरंक है ।
4. **जिला सिवनी** – संरक्षित वन सर्वे एवं नारंगी वन सर्वे में अतिक्रमण पाई गई वन भूमि की जानकारी एवं बडे झाड, छोटे झाड के जंगल मद की जमीनों पर अतिक्रमण प्रकरणों की जानकारी संकलित कर ग्रामसभा एवं पंचायत को उपलब्ध करा दी गयी है । जानकारी संलग्न है
5. **जिला बैतूल** – प्रश्नांश के प्रथम भाग का प्रश्नांश (क) के उत्तर के परिप्रेक्ष में प्रश्न उपस्थित नही होता । अतिक्रमण प्रकरणों की उपलब्ध कराई गई सूची / अभिलेख की प्रति संलग्न है ।
6. **जिला उमरिया** – अतिक्रमण प्रकरण की जानकारी संकलित कर ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराई गयी है । संलग्न है ।
7 **जिला छिन्दवाडा** – संरक्षित वन सर्वे के समय बनाये गये संरक्षित वनखण्डों में अतिक्रमण नही पाया गया एवं नारंगी वन भूमि का सर्वे नही हुआ है । शेष प्रश्न उपस्थित नही होता है ।

अपर संचालक
आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनायें
भोपाल